Need to establish an Indian Institute of Technology in Gorakhpur,Uttar Pradesh-laid

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन **(**गोरखपुर**) :** गोरखपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है । गोरखपुर शिक्षा, व्यापार और पर्यटन का एक बड़ा केंद्र है । पूर्वांचल और बिहार के लगभग 20 जिले अपनी विभिन्न जरूरतों के लिए गोरखपुर पर निर्भर हैं । यहाँ रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है यहाँ एयरपोर्ट भी है । गोरखपुर और इसके आस पास के जिलों के छात्र बड़े मेधावी हैं । उनमें अपार संभावनाएँ हैं । वो गोरखपुर में आई आई टी (IIT) की पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन गोरखपुर में आई आई टी न होने के कारण उन्हें काफ़ी दूर जाना पड़ता है । समाज के आर्थिक रूप से कमजोर, दलित और वंचित वर्ग के छात्र संसाधनों की कमी के कारण अपने सपने को अधूरा छोड़ देते हैं । गोरखपुर में एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) की स्थापना हो जाने से यहाँ के छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा जिससे इस क्षेत्र का चहुँमुखी विकास होगा । गोरखपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) की स्थापना के लिए जो भी सहायता चाहिए उसे राज्य सरकार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है । अत. मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि गोरखपुर में एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) की स्थापना करने की दिशा में तत्काल निर्णय लेकर इस क्षेत्र के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण योगदान देने की कृपा करें ।